an>

Title: Need to accord approval for development of the proposed Khushkheda – Bhiwadi - Neemrana investment Corridor in D.M.I.C. as National Investment and Manufacturing Area.

**श्री चाँद नाथ (अलवर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, शून्य काल के दौरान लोक महत्व का मुद्दा उठाने की आपने मुझे अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान) मैं सदन का ध्यान डी.एम.आई.सी. में प्रस्तावित खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराना निवेश क्षेत्र को भारत सरकार की राष्ट्रीय विनिर्माण नीति-2011 के अन्तर्गत एक राष्ट्रीय विनिवेश एवं विनिर्माण क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु, मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ...(व्यवधान) इस प्रकरण में भारत सरकार के औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु पिछले साल प्रस्ताव भिजवाए जा चुके हैं। ...(व्यवधान) भारत सरकार से स्वकृति अपेक्षित है।...(व्यवधान) इस हेतु डी.एम.आई.सी.डी.सी. लिमिटेड, जो कि भारत सरकार द्वारा डी.एम.आई.सी. परियोजना हेतु स्थापित एक निगम है, द्वारा भी औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग को स्मरण कराया जा चुका है...(व्यवधान) परन्तु भारत सरकार इन आवेदन के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।...(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस बारे में तुरंत निर्णय ले कर उचित कार्रवाई की जाए। ...(व्यवधान) आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। ...(व्यवधान)